an>

Title:Regarding need to enact a law regarding trial of court cases in a time bound and transparent manner.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) ः माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता को पारदर्शी प्रशासन देने के लिए ""सबका साथ-सबका विकास"" का संकल्प लिया है जिसे देश की जनता साकार करने में जुटी है। मैं माननीय विधि एवं न्याय मंत्री जी से यह मांग करूंगा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के ""सबका साथ और सबका विकास"" के संकल्प के साथ सबको पारदर्शी एवं शीघ्र न्याय का संकल्प भी जोड़ दें तो देश के करोड़ों लोगों को न्याय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी देश की जनता की मांग पर सभी अदालतों में ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था का आदेश दे चुके हैं और इसमें होने वाले पूरे खर्च को केंद्र सरकार द्वारा वहन करने का विश्वास भी दिला चुके हैं।

अतः मेरा माननीय विधि एवं न्याय मंत्री जी से अनुरोध है कि इस संबंध में एक बिल तुरंत लोक सभा में लाने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए।